राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, म.प्र.

(पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार)

पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन
पर्यावरण परिसर, ई–5, अरेरा कॉलोनी
भोपाल–462016 (म.प्र.)
बेवसाईट– http://www.mpseiaa.nic.in
दूरभाष नं. – 0755–2466970, 2466859
फैक्स नं. – 0755–2462136

No: 1704 / SEIAA/2022
Date: 23.9.22

प्रति,

कलेक्टर
जिला – ग्वालियर
(म.प्र.)

विषयः प्रकरण क्रमांक प्रकरण क्र. 6400/2019 परियोजना प्रस्तावक श्री सुरजीत सिंह, निवासी– हाल मुकाम, ए. एम. 111, डी.डी. नगर, जिला ग्वालियर (म.प्र) द्वारा पत्थर खदान, उत्पादन क्षमता 57000 घनमीटर प्रथम तीन वर्ष एवं 41610 घनमीटर अगले दो वर्ष, रकबा 2.00 हेक्टेयर, खसरा 4173, ग्राम पारसेन, तहसील ग्वालियर, जिला ग्वालियर (म.प्र) की पूर्व पर्यावरणी स्वीकृति का हस्तांतरण मेसर्स गुरू कृपा स्टोन क्रेशर पार्टनर श्री विशम्भर दयाल, निवासी– म.नं. 29, छत्ता मोहल्ला, भरतनगर, राजस्थान के नाम पर करने हेतु आवेदन।

राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA) की 733वीं बैठक दिनांक 21.06.2022 के निर्णय उपरांत SEIAA की 747वीं बैठक दिनांक 14.09.2022 में निम्नानुसार निर्णय लिया गया ....

"........राज्य स्तरीय समाघात निर्धारिण प्राधिकरण (SEIAA) द्वारा विस्तृत चर्चा एवं विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया कि प्रकरण में पूर्व परियोजना प्रस्तावक द्वारा पर्यावरण स्वीकृति हस्तांतरित ना किये जाने के संबंध में आपत्ति प्रस्तुत की गई थी जिसके संबंध में SEIAA द्वारा 714वी बैठक दिनांक 25.03.2022 एवं 733वी बैठक दिनांक 21.06.2022 के निर्णयानुसार पूर्व परियोजना प्रस्तावक को अपना पक्ष रखने हेतु सूचित किया गया था। लेकिन पूर्व परियोजना प्रस्तावक द्वारा आज दिनांक तक अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया है। अतः कलेक्टर जिला ग्वालियर से उपरोक्त के संबंध में स्पष्ट अभिमत सहित अनापत्ति प्राप्त की जाये कि प्रकरण में पर्यावरण स्वीकृति का हस्तांतरण मेसर्स गुरूकृपा स्टोन क्रेशर के नाम किया जा सकता है अथवा नहीं। तदानुसार प्रकरण में अंतिम निर्णय लिया जायेगा। नवीन परियोजना प्रस्तावक को सूचित किया जाये।

उपरोक्त निर्णय अनुसार प्रकरण में पर्यावरण स्वीकृति का हस्तांतरण मेसर्स गुरूकृपा स्टोन क्रेशर के नाम किया जा सकता है अथवा नहीं के संबंध में स्पष्ट अभिमत सहित अनापत्ति प्राधिकरण को प्रेषित करने का कष्ट करें।

o/c (श्रीमन् शुक्ला)
सदस्य सचिव

पृ.क्र. 1705 /SEIAA/2022 दिनांक – 23-9-22

प्रतिलिपिः–

परियोजना प्रस्तावक श्री सुरजीत सिंह, निवासी– हाल मुकाम, ए.एम. 111, डी.डी. नगर, जिला ग्वालियर (म.प्र)।

o/c (आलोक नायक)
प्रभारी अधिकारी